डेली न्यूज़
जयपुर, बुधवार 4 मई, 2011

▷ बनीपार्क में प्याऊ तोड़ने का विरोध करते लोग।

प्याऊ तोड़ी तो रास्ता रोका

सिटी रिपोर्टर

जयपुर ▷ 3 मई

बनीपार्क स्थित कबीर मार्ग पर मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमणों पर कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने एक प्याऊ को तोड़ दिया। इससे गुस्साए लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। काफी देर हंगामे के बाद निगम ने समझाइश कर लोगों को हटाया।

हुआ यूं कि निगम इन दिनों अस्थाई अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी के तहत मंगलवार को कलेक्ट्री के आसपास कार्रवाई की गई। इसी दौरान दस्ते ने एक प्याऊ को हटा दिया। इस पर गुस्साए लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। लोगों के साथ थड़ी-ठेले वाले भी आ गए। काफी देर हंगामे के बाद निगम अधिकारियों ने लोगों को समझाकर रास्ता खुलवाया। उधर

अस्थायी अतिक्रमण हटाने के दौरान तोड़ी प्याऊ

हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन जयपुर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि व्यवसायी इस संबंध में बुधवार को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को ज्ञापन देंगे।

2 दैनिक नवज्योति
जयपुर, बुधवार, 4 मई 2011

थड़ी-ठेला व्यापारियों ने किया रास्ता जाम

जयपुर, 3 मई। हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन की ओर से अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को कबीर मार्ग बनीपार्क में रास्ता जाम किया गया। यूनियन की ओर से बुधवार को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को ज्ञापन दिया जाएगा। यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि बनीपार्क स्थित कबीर मार्ग के थड़ी-ठेलों को निगम ने बर्बरतापूर्वक हटाया है। इसके बाद निगम सीईओ से भी मिल चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चार साल से राज्य में फुटपाथ व्यवसाय नीति 2007 लागू नहीं हो पा रही है। इसके चलते मंगलवार को व्यापारियों ने कबीर मार्ग पर रास्ता जाम कर विरोध जताया और बुधवार को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल का ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

दैनिक भास्कर 2
जयपुर · बुधवार, 4 मई 2011

निगम दस्ते ने प्याऊ हटाई, विरोध में जाम

जयपुर | नगर निगम के सतर्कता दस्ते ने अस्थायी अतिक्रमण हटाने के दौरान मंगलवार को बनीपार्क में एक प्याऊ व तीन टंकियां ध्वस्त कर दीं। विरोध में लोगों ने 1 घंटे कबीर मार्ग पर जाम लगाए रखा।

कलेक्ट्रेट सर्किल व बनीपार्क में अस्थायी अतिक्रमण हटाने गए दस्ते ने कबीर मार्ग से थड़ी-ठेला व फुटपाथियों का सामान जब्त करना शुरू कर दिया। दस्ते ने कबीर मार्ग पर प्याऊ भी तोड़ दी तो लोग विरोध में आ गए। करीब एक घंटे बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर रास्ता खुलवाया।